# सड़कों के मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण कराये जाय-डीएम

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने राहत आयुक्त उ.प्र. के निर्देष के क्रम में आगामी शीत ऋतु में शीतलहर एवं कोहरे के दृष्टिगत नेशनल,स्टेट हाईवे एवं एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने तथा निराश्रित एवं असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों के बचाव हेतु राहत कार्यों के संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उक्त के अनुपालन में शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाएं, अग्निकाण्ड इत्यादि अनेक प्रकार की समस्यायें उत्पन्न, घटित हो सकती हैं, को न्यून करने हेतु विभागवार कार्य ससमय पूर्ण किया जाना है।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, एन.एच.ए.आई को निर्देष दिया कि सड़कों की मरम्मत एवं अन्य कार्य सडकों में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण कराये जाये। साथ ही डिवाइडर की मरम्मत एवं मानक के अनुसार उनका रंगरोगन कार्य पूर्ण हो। विभिन्न प्रकार के सड़क की सतह का अंकन गतिरोधक, जेब्रा क्रासिंग आदि पर पेटिंग का कार्य निर्धारित मानक के अनुसार सुनिश्चित हो। अति संवेदनशील,दुर्घटना बाहुल क्षेत्र, तीखे मोड़, जहां पर प्राय: दुर्घटनायें होती है, को सूचीबद्ध कर दुर्घटना अवरोधक,रक्षात्मक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जनपद में विभिन्न विकास परियोजनायें संचालित है, जिस हेतु अनेक स्थलों पर गड्ढे खोदने व सड़क आदि का निर्माण किया जा रहा



है। उक्त स्थलों पर इत्यादि अन्य सुरक्षात्मक कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। नगर निगम, उ.प्र. पावर कारपोरेशन लि. को निर्देष दिया कि प्रकाश बिन्दुओं की मरम्मत प्रमुख मार्गों, सड़कों एव मोहल्लों में स्थापित प्रकाश बिन्दुओं, जो कि खराब व क्षतिग्रस्त है, उन्हें तत्काल ठीक कराये। साथ ही निर्धारित समयानुसार उनके चालू एवं बन्द होने का कार्य सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पुलिस, यातायात, उ.प्र. राज्य सडक् परिवहन निगम, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देष दिया कि समस्त वाहनों पर नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर (रेडियम) लगवाना सुनिश्चित करें जिससे कि वाहनों के मध्य उचित दूरी बनी रहे तथा दुर्घटनाओं को न्यून किया जा सके। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पंचायत, डूडा को निर्देश दिया कि समस्त रैन बसेरा गुणवत्तापूर्ण ढंग से 24×7 क्रियाशील रहें। पुलिस, अग्निशमन विभाग, उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि प्राय: ग्रामीण अंचल में ग्रामीणों द्वारा जलाये जाने वाले अलाव को ठीक ढंग से न बुझाने के कारण अग्निकाण्ड की घटनायें घटित हो जाती है। उक्त के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग द्वारा मुख्यालय एवं तहसीलों में स्थापित उप केन्द्रों को आवश्यक संसाधनों सहित 24×7 क्रियाशील रखा जाये। साथ ही लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर अग्नि से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करें। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाये



मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी से वार्ता करते सपा प्रत्याशी डा. संजयन त्रिपाठी

# महाप्रबन्धक ने बनारस, राजातालाब, हरदत्तपुर एवं वाराणसी सिटी स्टेशनों का किया निरीक्षण

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने आज प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कान्त पाण्डेय, मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी आशीष जैन तथा मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बनारस, राजातालाब, हरदत्तपुर एवं वाराणसी सिटी स्टेशनों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक बोरवणकर ने स्टेशन के भीड़ प्रबन्धन, साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया। निरीक्षण के आरम्भ में महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने बनारस स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-8 पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही द्वितीय प्रवेश द्वार एवं सर्कुलेटिंग एरिया के साफ-सफाई एवं सौंदर्यीरण पर बल दिया। उन्होंने बनारस स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की।



इसके उपरांत महाप्रबन्धक ने राजातालाब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-2/3 पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात श्री बोरवणकर ने हरदत्तपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर पैनल रूम में विफलता पंजिका सहित विभिन्न पंजिकाओं एवं संरक्षा उपकरणों का अवलोकन किया। इसी क्रम में, महाप्रबधक ने स्टेशन अधीक्षक एवं प्वाइंट्समैन से ट्रेन परिचालन एवं संरक्षा के बारे में चर्चा किया एवं प्रत्येक स्थिति में संरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अंत में महाप्रबन्धक ने वाराणसी सिटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4/5 पर निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) के कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दिये। महाप्रबन्धक ने सम्बन्धित अधिकारियों को चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अन्दर उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये रेल परिसम्पत्तियों के उचित रखरखाव, यात्री सुविधाओं में निरन्तर सुधार, स्वच्छता तथा स्टेशन परिसर के समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही श्री बोरवणकर ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 एवं सर्कुलेटिंग एरिया के साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर जोर दिया।






# अपर महाप्रबन्धक ने किया पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल ने आज गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक, इंफ्रा नीतु, स्टेशन निदेशक रतनदीप गुप्ता तथा मुख्यालय एवं निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबन्धक ने स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों में मल्टी-लेवल कार पार्किंग, निर्माणाधीन वाणिज्यिक ब्लॉक, स्टेशन भवनों और अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मल्टी-लेवल कार पार्किंग के ड्रेनेज सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।



यात्रियों के लिए बनाए गए अस्थायी प्रसाधन (टॉयलेट) कक्षों की स्वच्छता मानकों की जांच की तथा पानी की समुचित निकासी, पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वार के निकट अवैध वेंडिंग को हटाने का निर्देश दिए ताकि यात्रियों के लिए आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सर्कुलेटिंग एरिया व पार्किंग की विशेष साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा पुनर्विकास से सम्बन्धित सभी निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समयावधि के भीतर, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया।

## ट्रेन का समय बदला

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। रेलवे प्रशासन परिचालनिक सुगमता हेतु 22419 गाजीपुर सिटी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के समय में संशोधन किया गया है। गाजीपुर सिटी से 30 अक्टूबर से चलने वाली 22419 गाजीपुर सिटी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस संशोधित समयानुसार जौनपुर से 17.40 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 18.25 बजे, डोभी से 18.46 बजे, जौनपुर से 19.40 बजे छूटेगी। इस गाड़ी का शेष स्टेशनों पर ठहराव एवं समय यथावत रहेगा।

# क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर 'सतर्कता जागरूकता



सप्ताह' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन रेलवे अधिकारी क्लब, गोरखपुर में सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गोरखपुर क्षेत्र के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर आई.टी.एम. गीडा, गोरखपुर, द्वितीय स्थान पर के. आई. पी. एम., गीडा, गोरखपुर एवं तृतीय स्थान पर मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, गोरखपुर रहे। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, भण्डार कृष्ण चन्द्र सिंह, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, यांत्रिक निकुंज सक्सेना तथा सतर्कता निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सतर्कता निरीक्षक, यातायात नवनीत कुमार सिंह ने किया।

# दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर कल

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सुगमता पूर्वक जीवन यापन करने हेतु कृत्रिम अंग,सहायक उपकरण योजनान्तर्गत फ्लोराइड से ग्रसित दिव्यांगजनों व हाथ पैर कटे दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग यथा कृत्रिम हाथ, पैर, कैल्पिर्स, जूता आदि नि:शुल्क प्रदान किये जाने हेतु चिन्हांकन, वितरण 29 अक्तूबर से 5 नवम्बर के मध्य जनपद के समस्त 7 तहसील में किया जा रहा है। अत: जनपद में आयोजित होने शिविर में दिव्यांगजन अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति व 1 नवीनतम फोटो के साथ उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंगों हेतु आकलन, माप तथा फिटमेंट करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि शिविरआयोजन हेतु चयनित तहसील में तहसील सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड, नगर पंचायत विकास खण्ड पिपराइच, चरगांवा, भटहट, खोराबार, जंगल कौड़िया, नगर पंचायत पिपराईच तथा नगर निगम गोरखपुर में 29 अक्टूबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डी.डी.आर.सी.) सीतापुर नेत्र चिकित्सालय परिसर पार्क रोड में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, सहजनवां तहसील के अन्तर्गत विकास खण्ड, नगर पंचायत विकास खण्ड सहजनवां, पिपरौली, एवं पाली तथा नगर पंचायत सहजनवां एवं घघसरा में दिनांक 30 अक्टूबर को सहजनवां तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, खजनी तहसील के अन्तर्गत विकास खण्ड खजनी बेलघाट एवं उरुवां तथा नगर पंचायत उरुवां में 31 अक्टूबर को खजनी तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, गोला तहसील के अन्तर्गत विकास खण्ड एवं नगर पंचायत गोला एवं

❖ जिले के सभी तहसीलों में आयोजित होंगे शिविर

बड़हलगंज में 2 नवम्बर को गोला तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, आयोजित होगा। इसी प्रकार बांसगांव तहसील के अन्तर्गत विकास खण्ड बांसगांव, गगहा एवं कौड़िराम तथा नगर पंचायत बांसगांव में 3 नवम्बर को बांसगांव तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, कैम्पियरगंज तहसील में विकास खण्ड कैम्पियरगंज, भरोहिया तथा नगर पंचायत पीपीगंज में 4 नवम्बर को कैम्पियरगंज तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, तथा चौरी चौरा तहसील के अन्तर्गत विकास खण्ड सरदारनगर, एवं ब्रम्हपुर तथ नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार में 5 नवम्बर को चौरा चौरा तहसील कार्यालय परिसर में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा।

## वृहद रोजगार मेला 30 को

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। सहायक निदेशक सेवायोजन गोरखपुर ने बताया है कि रोजगार मिशन के अन्तर्गत 30 अक्तूबर को विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक वीर बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज हरनही, खजनी, गोरखपुर, में सुनिश्चित किया गया है। जिसका रोजगार मेला आई.डी.-13851 है। निजी क्षेत्र की कम से कम 20 कम्पनियों से सम्पर्क किया जा रहा है। जिसमें आयुसीमा 18-45 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल से स्नातक तक टेक्निकल, नॉन-टेक्निकल के पुरुष, महिला अभ्यर्थी अर्ह होगें। कम्पनी द्वारा वेतन व भत्ते अनुमन्य है। उक्त मेले में इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टल पर प्रतिभागी कम्पनी में आवेदन करते हुए समस्त शैक्षिक योग्यता एवं बायोडाटा सहित वीर बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज हरनही, खजनी, में 30 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त मेला में शामिल होने हेतु अभ्यर्थियो को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही है।



मतगणना काउण्टर के पास मौजूद पुलिस बल व प्रत्याशियों के एजेन्ट

## रामलीला में श्रीराम ने किया अहिल्या का उद्धार

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। विष्णु मंदिर में जनक दुलारी सेवा संस्थान अयोध्या से पधारे कलाकारों द्वारा आज रामलीला का शुभारंभ श्रीराम जन्म से हुआ। जैसे ही मंच पर प्रभु का जन्म हुआ, पूरा पंडाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। बधाइयों की गूंज के बीच राजा दशरथ ने कोष खोलकर प्रजा पर सोना-चांदी लुटाया। इसके बाद बाल लीला में राम-लक्ष्मण अपने भाइयों के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में विद्याध्ययन करते दिखाए गए। महर्षि विश्वामित्र यज्ञ रक्षा हेतु दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने आते हैं। पुत्र मोह में दशरथ मना करते हैं, पर गुरु वशिष्ठ के समझाने पर उन्हें विदा करते हैं। वन में राम-लक्ष्मण यज्ञ की रक्षा करते हैं। राक्षस मारीच, सुबाहु यज्ञ विध्वंस करने आते हैं। श्रीराम बिना फल वाले बाण से मारीच को सौ योजन दूर फेंक देते हैं और एक ही बाण से ताड़का का वध कर देते हैं।मार्ग में विश्वामित्र जी एक शिला दिखाकर अहिल्या की कथा सुनाते हैं और राम से उद्धार करने को कहते हैं। श्रीराम के स्पर्श से शिला से अहिल्या प्रकट होती हैं और श्रीराम की स्तुति करती हैं। मीडिया प्रभारी बृजेश मणि मिश्र ने बताया कि कल की लीला में नगर दर्शन, धनुष यज्ञ एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया जाएगा।मुख्य यज्ञाचार्य पंडित सुंदर श्याम त्रिपाठी जी के नेतृत्व में यज्ञ में मुख्य यजमान शरदेंदु पांडेय,वैभव श्रीवास्तव राजीव रंजन अग्रवाल, रमेश मोदनवाल,संजय अग्रवाल,दुर्गेश चंद्र मिश्र सहित 58 दम्पतियों ने हवन किया।

# रेल मंत्री ने चक्रवात 'अरनाब' से पहले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा की

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 28 अक्टूबर को संभावित रूप से टकराने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात TC02B ('अरनाब') के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की। दक्षिण तटीय रेलवे और पूर्वी तटीय रेलवे में सुरक्षा प्रोटोकॉल और त्वरित बहाली की व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं। संवेदनशील इलाकों में लगभग 600 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की कड़ी निगरानी की जा रही है। जोनल, डिवीजनल और रेलवे बोर्ड स्तरों पर वॉर रूम सक्रिय हैं, जहाँ चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ रेल अधिकारी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं, और किसी भी तरह की रुकावट आने पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए आपातकालीन संसाधन तैयार रखे गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कड़ी निगरानी विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम डिवीजनों सहित संवेदनशील इलाकों में लगभग 600 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की कड़ी निगरानी की जा रही है।

वॉर रूम सक्रिय-जोनल, डिवीजनल और रेलवे बोर्ड स्तरों पर वॉर रूम काम कर रहे हैं, जहाँ बदलती स्थिति पर चौबीसों घंटे नज़र रखी जा रही है। राहत वैगन तैनात- आपातकालीन बहाली कार्यों में मदद के लिए मरम्मत सामग्री से लदे वैगन कृष्णा नहर, बिट्रागुंटा, मामिदिपुडी, विशाखापत्तनम, पलासा और पोंडुरू में



तैनात किए गए हैं। आपातकालीन उपकरण तैयार प्रमुख जंक्शनों पर डीजल लोकोमोटिव, पावर यूनिट और एम्बुलेंस को स्टैंडबाय पर रखा गया है। अर्थमूवर (मिट्टी हटाने वाली मशीनें), पेड़ काटने वाली मशीनें और मरम्मत के उपकरण भी जगह-जगह तैनात किए गए हैं, ताकि ज़रूरत पड़ने पर तुरंत काम शुरू किया जा सके। हर घंटे मौसम की निगरानी बदलती परिस्थितियों पर नज़र रखने और रेलवे बुनियादी ढांचे के लिए संभावित खतरों की पहचान करने के लिए हर घंटे हवा की गति और जल स्तर की जाँच की जा रही है।वरिष्ठ अधिकारी मौके पर तैयारियों की देखरेख करने और ज़मीनी स्तर पर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए रेल अधिकारी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ समन्वय- आपातकालीन स्थिति में बेहतर तालमेल के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। दक्षिण तटीय रेलवे और पूर्वी तटीय रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था और बहाली के संसाधन तैयार रखे गए हैं, ताकि किसी भी रुकावट से निपटा जा सके, रेलवे बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की जा सके और स्थिति सामान्य होने पर सेवाओं को सुरक्षित रूप से बहाल किया जा सके।

# देवेंद्र पाल को दूसरी बार मिली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र पाल को उत्तर प्रदेश भाजपा में दूसरी बार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की

❖ संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का कर चुके हैं निर्वहन, कार्यकर्ताओं में हर्ष

महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। देवेंद्र पाल संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वह भाजपा महानगर के पूर्व मंत्री एवं पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के पूर्व सह संयोजक, प्रदेश मानवाधिकार प्रकोष्ठ के पूर्व सह संयोजक तथा पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में संगठन को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पार्टी के विभिन्न अभियानों और संगठनात्मक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगठनात्मक कार्यों में उनके अनुभव, सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें दोबारा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी मिलना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा।

# त्रिदेवा धाम मंदिर पर आयोजित हुआ गौ रक्षा अभियान

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। सोनबरसा एम्स थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर बाजार स्थित प्रसिद्ध त्रिदेवा धाम मंदिर परिसर में आज एक भव्य गौ सम्मान आह्वान अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जगदीशपुर क्षेत्र के तमाम संभ्रान्त नागरिकों के साथ भारी संख्या में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजस्थान से पधारे प्रख्यात संत स्वामी आनंद गोपाल सरस्वती और साध्वी स्नेहा जी के ओजस्वी संबोधन रहे, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को गौ सेवा के महत्व और उसकी रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।सोनबरसा प्रतिनिधि के अनुसार संबोधन के दौरान संतों ने देश की हर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की पुरजोर मांग उठाई। उन्होंने गाय पालने और उसकी सार-संभाल करने से मिलने वाले शारीरिक, आध्यात्मिक और आर्थिक फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार भारतीय संस्कृति में गाय का सर्वोच्च स्थान रहा है और उसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।



❖ गूंजी राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया गया कि इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन को कुल तीन चरणों में विभाजित किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण में 27 अप्रैल को पूरे भारत की 5,000 तहसीलों से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को संबोधित प्रार्थना पत्र और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। इसके बाद द्वितीय चरण में 27 जुलाई को देश के 749 जिलों से 15 करोड़ हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र सौंपे गए। अब इस आंदोलन के अंतिम और तीसरे चरण के तहत आगामी 14 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक विशाल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर से आने वाले सभी गौ प्रेमी 31 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ प्रार्थना पत्र लेकर लखनऊ पहुंचेंगे और सरकार के समक्ष अपनी मांग मजबूती से रखेंगे। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सफल बनाने में अनिरुद्ध जायसवाल, मुरारी लाल जायसवाल, राजेंद्र कसौधन और सुरेश मोदनवाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# रेलवे पेंशनरों को जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना हुआ आसान

गोरखपुर, २७ अक्टूबर। पूर्वोत्तर रेलवे पर 1 से 30 नवम्बर तक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 चलाया जायेगा, जिसके द्वारा पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों के लिये जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं आसान बनाया गया है। पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर में व्यक्तिगत रूप से बैंक जाना अब आवश्यक नही रहा। इस अभियान के अन्तर्गत पेंशनरों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का विकल्प प्रदान किया गया है, जिससे समय की बचत होगी। वरिष्ठ पेंशनरों के लिये विशेषकर लाभदायक होगा तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों के लिए अक्टूबर माह के अन्तिम सप्ताह से ही पोर्टल पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है। एक आसान प्रक्रिया के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे अपने पेंशनरों को सशक्त बनाने के साथ ही जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को सुव्यवस्थित करना है। इस अभियान में भाग लेने के लिये पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों को गूगल प्ले स्टोर से यू.आई.डी.ए.आई. द्वारा ''आधारफेस आर.डी'' Aadhaar Face RD एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा। इसके पश्चात पेंशनरों को गूगल प्ले स्टोर से 'जीवन प्रमाण' Jeevan Pramaan इंस्टाल करना होगा। दोनों एप के इंस्टाल होने के बाद, ऑपरेटर एथेन्टीकेशन स्क्रीन खुलेगा जहाँ पर स्टेप वाइज आगे बढ़ते हुए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। किसी भी संशय की स्थिति में पूर्वोत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग, लेखा विभाग अथवा संबन्धित बैंक से सम्पर्क किया जा सकता है। पूर्वोत्तर रेलवे के लेखा विभाग में मोबाइल नम्बर-9236474980, 9794840150, 9236472556 पर सम्पर्क किया जा सकता है।